प्रेस विज्ञप्ति
जनपद बस्ती
दिनांक- 07.07.2021

थाना हरैया पुलिस व एण्टी नार्कोटिक्स टीम की संयुक्त कार्यवाही में चोरी में वांछित अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री आशीष श्रीवास्तव के आदेश के क्रम में जनपद बस्ती में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री दीपेन्द्र नाथ चौधरी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी हरैया श्री शेषमणि उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हर्रैया मय पुलिस बल द्वारा दिनांक:-04.07.2021 को थाना हरैया जनपद बस्ती पर पंजीकृत मु0अ0स0 214/2021 धारा 379 भा0द0स0 व 215/2021 धारा 379 भा0द0स0 से सम्बंधित वांछित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया | आज दिनाक:- 07.07.2021 को प्रभारी निरीक्षक हरैया व एण्टी नारकोटिक्स टीम की संयुक्त टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित तीसरे अभियुक्त विकास यादव पुत्र लालचन्द यादव निवासी ग्राम रोआगोवा थाना लालगंज जनपद बस्ती को ग्राम भदावल से पेन्दा जाने वाली सडक पर बहद ग्राम कसैला के पास से समय करीब 04:00 बजे मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-

1. मनीष यादव पुत्र भागीलाल निवासी ग्राम टिनिच शुक्ल थाना गौर जनपद बस्ती |
2. सर्वेश यादव पुत्र मुन्नर यादव निवासी ग्राम मझौवा चौबे थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती |
3. विकास यादव पुत्र लालचन्द यादव निवासी ग्राम रोआगोवा थाना लालगंज जनपद बस्ती।

बरामदगी का विवरणः-

1. एक अदद कट्टा 315 बोर।
2. 01 अदद जिन्दा, 01 अदद मिस व एक अदद खोका कारतूस 315 बोर।
3. दो अदद बीजली मोटर पम्प।
4. दो अदद मोटरसाइकिल।
5. तीन अदद मोबाइल फोन।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 04.07.2021 को महेश चन्द्र पुत्र सुखदेव निवासी ग्राम केशवपुर थाना हरैया जनपद बस्ती द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक 03.07.2021 की रात में मोटर वरुना कम्पनी से खेत में सिंचाई करने के बाद घर वापस चले आए और जब सुबह खेत में गए तो देखे कि मोटर गायब है जिसे अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया है। जिसके संबंध में थाना हरैया पर मु0अ0सं0 214/2021 धारा 379 IPC पंजीकृत किया गया।

दिनांक 04.07.2021 को सुशील कुमार पाण्डेय पुत्र श्री कुष्ण देव पाण्डेय निवासी ग्राम केशवपुर थाना हरैया जनपद बस्ती द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक 03.07.2021 की रात में मोटर लूवी कम्पनी का अपने बोरींग पर लगाया था और जब सुबह खेत में गया तो देखा कि मोटर गायब है जिसे अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया है। जिसके संबंध में थाना हरैया पर मु0अ0सं0 215/2021 धारा 379 IPC पंजीकृत किया गया ।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में दिनाक:-06.07.2021 को थाना हरैया जनपद बस्ती पुलिस द्वारा दिनांक:-04.07.2021 को थाना हरैया जनपद बस्ती पर पंजीकृत मु0अ0स0 214/2021 धारा 379 भा0द0स0 व 215/2021 धारा 379 भा0द0स0 से सम्बंधित वांछित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया | आज दिनांक:-07.07.2021 को अभियुक्त विकास यादव

द्वारा अपने साथियों को छुड़ाने के लिए आते समय पुलिस टीम पर फायर किया गया जहाँ थाना हरैया पुलिस व एण्टी नारकोटिक्स टीम की संयुक्त टीम द्वारा आत्मरक्षा में किये गए फायर में अभियुक्त विकास यादव घायल हुआ |

पूछताछ का संक्षिप्त विवरणः-

पूछताछ में अभियुक्त मनीष यादव व सर्वेश यादव द्वारा बताया गया कि हम तीन लोगो का एक गिरोह है जिसमें हम दो लोग तथा हमारे गिरोह का मुखिया विकास यादव पुत्र लाल चन्द के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों पर चोरियां करते है एवं चोरी से प्राप्त सामानों को आपस में बराबर-बराबर बांट लेते है । पहले हम लोग पुणे-महाराष्ट्र में रहते थे, जहाँ से 2-3 साल पहले आये थे और तभी से हमारे आय का साधन चोरी ही है | दिनांक:-03/04.07.2021 की रात में केशवपुर गांव के खेतों में से बीजली से चलने वाले 02 मोटर पम्प चुराये थे, जिसको आज बिक्री करने वभनान की तरफ जा रहे थे जिसको हम लोग राह चलते राहगीरों को अपनी मजबूरी बताकर बेच देते और प्राप्त पैसे को आपस में बराबर-बराबर बाँट लेते की आप लोगों ने पकड़ लिया |

पुछताछ में अभियुक्त विकास यादव द्वारा बताया गया कि हमारा एक गिरोह है जिसका संचालन मैं करता हूँ| मेरा साथी मनीष यादव व सर्वेश यादव के पकडे जाने की जानकारी मुझे रात में मिली जिन्हें मैं छुडाने के प्रयास में जा रहा था तब तक आप लोग सामने आ गये |
मै सोचा की फायर करते हुए भाग जाउंगा लेकिन आप लोगों द्वारा पकड लिया गया । मैं और मेरे दोस्त मनीष यादव व सर्वेश यादव मिलकर दिनांक:-03/04.07.2021 की रात में केशवपुर गांव के खेतों में से बीजली से चलने वाले 02 मोटर पम्प चुराये थे तथा मैंने अपाची मोटर साइकिल(बिना नंबर प्लेट) को किस जगह से चुराया था कुछ याद नहीं है |

अभियुक्त विकास यादव का आपराधिक इतिहासः

1. मु0अ0स0 250/2020 धारा 392/411/413 भा0द0स0 थाना लालगंज जनपद बस्ती।
2. मु0अ0स0 09/2021 धारा 3/25 आर्म ऐक्ट थाना लालगंज जनपद बस्ती।
3. मु0अ0स0 214/2021 धारा 379 भा0द0स0 थाना हर्रैया जनपद बस्ती।
4. मु0अ0स0 215/2021 धारा 379 भा0द0स0 थाना हर्रैया जनपद बस्ती।
5. मु0अ0स0 217/2021 धारा 411/413/307 भा0द0स0 थाना हर्रैया जनपद बस्ती।
6. मु0अ0स0 218/2021 धारा 3/25/27 भा0द0स0 थाना हर्रैया जनपद बस्ती।

गिरफ्तार करने वाले टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक हर्रैया श्री विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी जनपद बस्ती।
2. प्रभारी एण्टी नारकोटिक्स टीम श्री योगेश कुमार सिंह जनपद बस्ती।
3. उ0नि0 श्री सुनील कुमार गौड, उ0नि0 श्री आषुतोष शुक्ल थाना हर्रैया
4. का0 विरेन्द्र कुमार,का0 चन्द्र शेखर यादव, का0 बसन्त गौड, का0 अभिषेक यादव थाना हर्रैया जनपद बस्ती
5. हे0का0 महेन्द्र यादव, हे0का0 कुलदीप यादव, का0 सर्वेश नायक, का0 रमेश कुमार एण्टी नारकोटिक्स टीम बस्ती।